श्रीधणगिरि- (श्रीफल्गुमित्त के शिष्य)

श्रीआर्यधर्म- (श्रीआर्यहस्ति के शिष्य)
श्रीसिंह- (श्रीार्यधर्म के शिष्य)
श्रीआर्यधर्म*- (श्रीसिंह के शिष्य)
श्रीसंडिल्ल 83- (श्रीआर्यधर्म के शिष्य)

(1) श्रीइंद्ररुतकण्ह 1 (2) श्रीआर्यजंबु 2 (3) श्रीआर्यनंदि 3
(4) श्रीदुष्यगणि 4 (5) श्रीस्थिरगुप्ति क्षमाश्रमण 5 (6) श्रीकुमारधर्म 6

---

* श्री *देवर्द्धिगणिक्षमाश्रमण 7 9.

* किसी 2 पट्टावली में इस नाम के स्थान में 'आर्यपद्म है।

नोट : 'श्रीआर्यधर्म' के शिष्य 'श्रीसंडिल्ल' के नाम के नीचे '83' अंङ्क खुदे हैं। इनके बाद 'श्रीइंद्ररुतकण्ह' को लेकर 'श्रीदेवर्द्धिगणि' तक जो सात नाम हैं इनके नामों के साथ 1-7 यथाक्रम हैं और 'श्रीदेववर्द्धिगणि' के नाम के साथ 60 अंङ्क भी खुदे हुये हैं। श्रीभद्रबाहु स्वामी के शिष्य श्रीसोमदत्त के चरणों के दाहिने तरफ नंद्यावर्त्त के नीचे जो पांच अक्षर खुदे हुए हैं, उनके भावार्थ समझ में नहीं आने के कारण यहां उल्लेख नहीं किया गया।



जेसलमेर तीर्थ संबंधित प्रकाशित साहित्य सूचि

क्रम	पुस्तक नाम	लेखक-संपादक	प्रकाशक	भाषा	प्रकाशन वर्ष	पृष्ठ
1	गजनी से जैसलमेर	हरिसिंह भाटी	राजस्थानी ग्रंथागार- जोधपुर	हिन्दी	ई.स. 2014	608
2	जगविख्यात जैसलमेरतीर्थ	मधुसुदन ढॉकी	श्रुतनिधि - अमदावाद	गुज.	वि.सं. 2053	48
3	जेसलमेर तीर्थ परिचय	अज्ञात जैन श्रमण	अमदाबाद जैनवीशा ओसवाल समाज-मुंबई	गुज.	ई.स. 1989	-
4	जेसलमेर पंचतीर्थी अने तेनो इतिहास	-	जेसलमेर लोद्रवपुर पार्श्वनाथ ट्रस्ट	गुज.	ई.स. 1997	116
5	ज्ञानांजलि	मु. पुण्यविजयजी	सागरगच्छ जैन उपाश्रय- बरोडा	गुज.	वि.सं.2025	-
6	जैसलमेरमां चमत्कार	चंदनमल नागोरी	सदगुणप्रसारक मित्र मंडल छोटीसादडी	हिन्दी	वि.सं. 1990	52
7	जैसलमेर	नारायणलाल शर्मा	गोयल ब्रदर्स- उदयपुर	हिन्दी	-	56
8	जैसलमेर का इतिहास	डो. हरिवल्लभ माहेश्वरी	लेखक स्वयं ग्वालियर	हिन्दी	ई.स. 2006	300
9	जैसलमेर का जैन शिल्प	डो. कुंदनलाल जैन	राजस्थान जैन सभा - जयपुर	हिन्दी	ई.स. 1997	300
10	जैसलमेर का विराट संघ	जवाहरलाल जैन	रत्नप्रभाकर ज्ञान पुष्पमाला - जयपुर	हिन्दी	ई.स. 1991	80
11	जैसलमेर के महत्त्वपूर्ण ज्ञानभंडार	मु. पुण्यविजयजी	मणिधारी जिनचन्द्र अष्टम शताब्दी समारोह समिति - दिल्ली	हिन्दी	ई. स. 1971	260
12	जैसलमेर जैन गाइड	फुलचंद चोरडिया	लेखक स्वयं - रतलाम	हिन्दी	-	-
13	जैसलमेर पंचतीर्थ इतिहास (अनुवाद)	आ. श्री मनोहरसूरिजी	सीमांत प्रकाशन - उदयपुर	गुज.	ई.स. 1980	52
14	जैसलमेरनी चित्रसमृद्धि	मु. पुण्यविजयजी	साराभाई मणिलाल नवाब	गुज.	इ.स.1951	45

संयोजक: पू. आचार्य श्री पूर्णचन्द्र-युगचन्द्र सूरीश्वरजी महाराज शिष्याणु

गणि मुक्ति श्रमण विजय

आधार: कोबा - श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर संगृहित डेटा

श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान का मंदिर, मेवा नगर

यह तीर्थ बालोतरा नगर से 15 किलोमीटर दूर स्थित है। मान्यता यह है कि तीसरी शताब्दी के श्री तीरमसेन व नाकोर सेन द्वारा निर्माण करवाया। यह इस मंदिर में श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा जो गहरे आसमानी रंग की 58 से. मी. ऊँची है। श्री वीरसेन व विरमपुर बसाया जहां श्री चन्द्रप्रभ भगवान का मंदिर बनाया और नाकोर नगर में श्री सुपार्श्वनाथ भगवान का मंदिर करा प.पू. आर्य श्री स्थूली भद्रस्वामी द्वारा प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई।

तत्पश्चात् श्री सम्पति राजा प्रतिबोधक श्री सुहस्ति सूरि की म.सा. विक्रमादित्य राजा की सभा के द्वारा आचार्य श्री सिद्धसेन दिवाकर व भक्ताम्बर चित्रता श्रीमान् तुंग जी म.सा. व कालकाचार्य श्री हरिभद्र सूरि

जी म.सा., श्री देव सूरि जी आदि प्रचण्ड विद्वान आचार्यों ने इस तीर्थ की यात्रा कर राजा श्री राजा श्री सम्प्रति व राजा विक्रमादित्य आदि राजाओं की प्रेरणा देकर समय सभा पर इस मंदिरों का जीर्णाद्धार कराने का उल्लेख है।

नाकोर नगर लगभग 13 वीं शताब्दी तक विद्यमान था। वि.सं. 1280 में जब आलम शाह ने शुद्ध किया। तबरी संघ ने प्रतिमाओं को वहां से 7 किलोमीटर दूर काली गृह ग्राम में सुरक्षा हेतु गर्भ गृह में रख दी। वादि ओर शाह ने मंदिर खाली होने तोड़ डाले और जनता इधर–उधर ग्रामों में जा बसी। वि.सं. 909 में वीरमपुर नगर सुसम्पन्न श्रावकों ने लगभग 270 सदस्यों की संख्या से उज्जवला था उस समय श्रेष्ठी श्री हरकचंद जी प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर श्री महावीर भगवान की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराई थी ऐसा उल्लेख है कि वि.सं. 1223 में पूर्ण जीर्णोद्धार कराने का उल्लेख है वि.सं. 128 में आलम शाह ने इस नगर में चढ़ाई की थी तब इस मंदिर को क्षतिग्रस्त हो गया

वि.सं. 15 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में इस मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया गया। कालीद्र में स्थित नाकोर नगर 120 प्रतिमाएं यहां पर लाकर यहां पर श्री पार्श्वनाथ श्री इस प्राचीन को सुंदर मनमोहक, चमत्कारी प्रतिमा को मूलनायक के रूप में नवनिर्मित में वि.सं. 1429 में पुनः प्रतिष्ठा कराई जो वर्तमान में विद्यमान है। मूल प्रतिमा श्री नाकोर नगर में रहने के कारण इस तीर्थ का नाम नाकोड़ा प्रचलित हुआ।

एक और मान्यता है कि यह प्रतिमा सुश्रावक श्री जिनदत्त को श्री अधिष्ठायक देव द्वारा स्वप्न में दिये संकेत के आधार पर नाकोड़ा नगर के निकट सिहंदरी द्वार के पास तालाब से प्रगट हुई थी। जिसका उल्लेख के साथ लाकर वि.सं. 1429 में आ. श्री ..... सूरि जी ने हस्ते प्रतिष्ठा कराई करवाई।

वि.सं. 1511 में जीर्णोद्धार के समय यहां के प्रगटकारी साक्षात्कार अधिष्ठायक देव भैरव जी की स्थापना आचार्य श्री कीर्तिरत्न सूरि जी द्वारा करवाई गई जो इस तीर्थ की रक्षा करते और भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

वि.सं. 1564 में ओसवाल वंश के छाजेड़ गौत्र सेठ जुठिल के प्रपौत्र सेठ सदारंग द्वारा जीर्णाद्धार कराने का उल्लेख है।

वि.सं. 1638 में इस मंदिर के पुर्नद्धार होने का उल्लेख है। 17 वीं शताब्दी तक यहां की जहां जो लाली अच्छी रही उसके बाद श्रेष्ठी मालाशाह सकलेचा के ..... नानक जी के यहां के राजकार का अप्रिय व्यवहार देखकर ग्राम छोड़ दिया। अतः जैसलमेर नगर का संघ निकालकार सपरिवार ग्राम को छोड़कर चले गये।

उसके पश्चात् इस ग्राम की जनसंख्या प्रतिदिन घटने लगी। वर्तमान में जैनियों की कोई घर नहीं है लेकिन संघ द्वारा की जा रही व्यवस्था उल्लेखनीय है।

17 वीं शताब्दी के बाद वि.सं. 1865 में जीर्णोद्धार होने का उल्लेख है। उसके पश्चात् भी समय पर आवश्यक जीर्णोद्धार संघ द्वारा हुए।

इस तीर्थ की विशेषता यह है कि इस तीर्थ की प्रतिष्ठा आचार्य श्री स्थूलीभद्र जी स्वामी स्वामी द्वारा प्रतिष्ठा कराने की है।

इस मंदिर के क्षेत्र में निम्न मंदिर विद्यमान है :

1) श्री शांतिनाथ भगवान
2) श्री आदिनाथ भगवान
3) श्री सीमन्धर स्वामी
4) श्री नेमीनाथ भगवान

श्री आदिनाथ भगवान :

अन्य मंदिर श्री पद्मावती देवी व सरस्वती देवी व अन्य गुरू मंदिर की देहरिया है। इसमें यह विशेषता है कि सरस्वती देवी की प्रतिमा पर वि.सं. 1018 का लेख उत्कीर्ण है।

बाहर श्री महावीर भगवान का मंदिर

1) श्री जिनकुशलसूरि जी दादावाड़ी
2) समवसरण का मंदिर
3) काल भैरव का मंदिर

यहां पर सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है।

जालोर की स्थापना व प्रारम्भिक इतिहास

जालोर जिला (राजस्थान) जोधपुर से लगभग 70 किलोमीटर, उदयपुर से 200 किलोमीटर फालना से 70 किलोमीटर दूर स्थित है जो जोधपुर–बाड़मेर रेल मार्ग पर है। यहां पर चारों ओर से बसों का आवागमन के साधन है व टैक्सी की व्यवस्था है।

जालोर स्वर्णगिरी पर्वतमाला की तलहटी पर बसा हुआ है। इसका प्रारम्भ से इतिहास इस प्रकार है :

जैन साहित्य के अनुसार ऋषभदेव भगवान ने अपने राज्य को दोनों पुत्र को बाँटा जिससे भरत को अयोध्या का राज्य व बाहुबली को गंधार का राज्य सुपुर्द किया। गन्धार की राजधानी तक्षशिला थी जिसका मार्ग मानदेव सूरि के पूर्व व बाद में तक्षशिला रही जिसका मार्ग मरूस्थल की ओर जाया जाता है (साधु संतो का विहार मरू मण्डल से तक्षशिला था) जब तक्षशिला में महामारी का प्रकोप हुआ तब श्री मानदेव सूरि ने नाड़लई से लघुशांति की रचना कर इसी मार्ग से पहुंचाई। इसका हवेनसांग ने लिखा है कि तक्षशिला धर्म चक्र तीर्थ बोध के कब्जे में हो गया है और वे इसे चंद्र प्रभ बोधिस्तक स्तूप रहे थे। ऋग्वेद के अनुसार यहां भरत का ही राज्य था और उनकी सामान्य प्रजा जनास कहलाती थी। भारत में प्राचीनतम नगरों में भीनमाल (मल्लिमिका) एवं विराट के ही नाम आते हैं। भरत ने अष्टापद, शत्रुजा पर कई जैन मंदिर बनाए थे।

जैन धर्म के आदि भगवान व श्री नेमिनाथ की दक्षिण में है और शेष तीर्थंकरों की इनके तीर्थ स्थल के दर्शन के यह ..... रही भगवान महावीर के धर्माचार के लिए सिधुसावरी जाना आगमों में वर्णित है। भगवान महावीर के पश्चिमी भारत की यात्रा के अपने जन्म के 37 वें, 41 वें, 44 वें, 45 वें एवं 50 वें वर्ष में की थी। महावीर के केवल्य ज्ञान की आरासना कुंभरिया (गुजरात) होने सम्बन्धी शोध डॉ. एल. बोहरा प्रभूमि विद्वान कर रहे हैं।

मुनि नथमल जी ने भी अपने स्मरण महावीर ग्रन्थ के 370 पृष्ठ पर भगवान महावीर की यात्रा की पुष्ठि की भ. पार्श्वनाथ गणधर आचार्य के श्री महत्वर भी इसी क्षेत्र में विचरण करते, उनके द्वारा प्रतिष्ठित जीरावला पार्श्वनाथ का प्राचीनतम जिले के सीमा पर है। इसी जीरावला पर्वत श्रृंखला के आगे सुगान्द्रि एवं स्वर्णगिरि की पर्वतमाला है। दीक्षित होने के पश्चात् भगवान महावीर 5 वें वर्ष में अबूर्द मण्डल में चतुर्मास करने के बाद सिन्धु सोवरी देश में गए थे। गर्मी बालू के टीले दूरदराज गांव में जल की कमी ओर लम्बी राह में भूखे प्यासे साधु भगवान के साथ जा रहे थे। रास्ते में तिल से नहीं बोला गाडिया मिला यह दृश्य आज भी जालोर जिला का है।

विमान वत्थु अट्ठ कथा में लिखा है कि सिन्धु सोवरी जाने के लिए व्यवसायियों को अष्ट योजना लम्बे मरूस्थल को पार करना पड़ता है। सटीक योजना, मरूकावतर महामयूरी ग्रंथ में लिखा है जम्बूक यक्ष इन व्यापारियों की रक्षा करता है। इसी यक्ष की स्थापना इसी प्रदेश के मंदिरों में है। वर्तमान के जालोर जिला ईसा पूर्व 6 वीं सदी में विघ सोवरी जनपद का भाव था। सिन्धु नदी के पूर्व का इलाका इसका राजा उदयियन की रानी प्रभावती की दीक्षा के लिए भगवान महावीर उसकी राजधानी वित्तमय पट्टक गए थे। ऐसी चूड़ियों पूर्णिमा वर्णित है।

प्रभावती राजा चेटक कही बहन थी यही वित्तमय पट्टन नष्ट होने के पश्चात आज मोहनजोदड़ा कहलाता है। भगवान महावीर के बाद सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य यह क्षेत्र आर्श कहलाता था, उसकी तरफ से सामन पुष्य गुप्त इस क्षेत्र का शासन करता था तथा इस क्षेत्र का नाम श्रीमाल था, इसके अंतर्गत यक्षमाड़ पर्वत, आबू क्षेत्र एवं गुर गुर्जरात्रा शामिल था। मौर्य के बाद अक्षत्रों ने शासन किया, भीनमाल से सिक्के प्राप्त हुए। रूद्रदामा के जूनागढ़ के जिला लेख में मरूदेश का वर्णन है। शाकक्षत्रपों का झुकाव जैन व बोध धर्म के प्रति था। भीनमाल, श्रीमाल बोध तथा मांडव पुरक्त्र जैन मंदिर समय ही बने थे।

माण्डवपुर का जैन मंदिर उस समय से इस परिमण्डल के शासक भण्डियों के काल में बना था। भीनमाल के बोध मठ की प्रसिद्धि के कारण चीनी यात्री हवेनसाग, हर्षवर्द्धन के समय वैराठ के बोध स्तूपों, मठों एवं विहारों की यात्रा करते हुए भीनमाल के बोध मठ की यात्रा करने आया थातब से जालोर का नामकरण व राजनैतिक इकाई का होना ज्ञात नहीं होता है।

जांबली ऋषि की तपो भूमि स्वर्णलिखी की कन्दराए तो प्राचीन थी। इन कन्दराओं में जलन्धरनाथ आदि महात्माओं के स्थान थे। अंत में भीनमाल श्रीमाल का पतन होने के बाद गुर्जर राजधानी की स्थापना कर इस नगर का नाम जाल्हुर रखा। मध्यकाल के नाथ सम्प्रदाय का केन्द्र स्थल होने के कारण इसका नाम जालन्धरनाथ के पवित्र धाम के कारण जालन्धरपुर, जालंधर हो गया है। पद्मनाभ द्वारा रचित कान्हड़दे प्रबन्ध में इसी नगर का नाम जालहूर लिखा है।

सको के पश्चात् यह क्षेत्र गुप्तों के अधीन हो गया, गुप्तकाली, इष्टिका प्रासाद इस इलाके में था जो अब स्वस्थ हो गया अर्थात् इसी समय जालोर का राज्य एवं राजधानी अस्तित्व में आ गये थे, क्योंकि कुवलथमाला की रचना जालोर के आदिनाथ भगवान के मंदिर में हुई थी।

तोरमाड़ का पुत्र मीहिरकुल सेव था। उसने इस क्षेत्र के बोधमठों को ध्वस्त कर दिया था। हवेनसांड लिखता है कि मीहीरकुल ने भीनमाल क्षेत्र में 16 स्तूपों एवं विहारों को नष्ट किया था। तब से इस क्षेत्र में बौद्ध धर्म विलोपित हो गया। हुणों के पश्चात् इस प्रदेश पर गुर्जरों का शासन स्थापित हो गया। एक इस प्रदेश का नूतन गुर्जरयात्रा हो गया।

भीनमाल के गुर्जर राजा 628 ई. के आसपास काल खण्ड में चावंडों (चापो) ने नीत जीत लिया था।

इसकी पुष्ठि बसन्तगढ़ के 625 ई. के शिलालेख से होती है।

उसके अनुसार 625 ई. में वर्मला का शासन राजभील था जो ब्रजभट्ट सताशय का पुत्र था उसने आकर उसके आसपास के क्षेत्र पर राज्य किया। महाकवि माद्य के दादा सुप्रभदेव वर्सलात के सर्वाधिकारी (प्रधानमंत्री) थे। इसी सभा तक जालोर का राज्य अस्तित्व में नहीं आया था तभी भीनमाल के ज्योतिषाचार्य ब्रह्मगुप्त ने अपने अपने ब्रह्मस्पुष्ट, सिद्धार्थ नाम ग्रंथ में 628 ई. में उस समय के शासक चाप पशीय चावड़ा राजा। व्याघमुख वर्गलात का नाम बताया है। ई. 676 ई. रचित निथिक मुर्ति के अनुसार वर्मलात के चाँदी सिक्के उस समय प्रचलित थे। 739 इ. में भीनमाल श्रीमाल राजा चालगो, प्रतिहारों के हस्तगत कर लिया। 760 ई. के आसपास प्रतिहार नाम भट्ट ने तत्कालीन सामन्तों का पराजित प्रतिहार साम्राज्य की नींव डाली।

येरूव वैदिक मंदिर के समय की वरादृश्याम की प्रतिमा भीनमाल में आज भी पूजित है। गुप्तों के पश्चात् हुणों ने श्रीमान प्रदेश पर शासन किया। श्वेत हुणों के विषय में इतिहासकारों का मत है कि स्वेतहवे, तोड़मोड़ वि. की छठी शताब्दी में मरूस्थल की तरफ आया उस भीनमाल क्षेत्र को जीतकर राजधानी स्थापित की। जैनाचार्य हरिभद्र सूरि ने जैन धर्म का अनुयायी बनाया था। इसी तोरमाड़ से भगवान ऋषभदेव का विशाल मंदिर भीनमाल में बनवाया था। कुवलाय माला 778 ई. उद्योतसूरि ने लिखा है कि इसका राजा तोरमाड़ समस्त क्षेत्र का स्वामी था। एक जैन धर्म में आस्था रखता था।

प्रतिहारि ने अपनी राजधानी सुरक्षा की दृष्टि से स्वर्णगिरि के गोद में बसे जानकी आश्रम में स्थापित

प्रतिहार अपने आपको रघवशीय लक्ष्मण के वंशज मानते है। क्योंकि लक्ष्मण ने अपनी राम की सेवा उनकी प्रतिहारी बनकर की ।



जालोर : स्वर्णगिरि के मंदिरों का इतिहास

जालोर स्वणगिरि के तलहटी में बसा है। जालोर दुर्ग में स्थित है। यह तीर्थ प्राचीनकाल कनकांचन नाम से प्रसिद्ध था। पूर्व में कई करोड़पति श्रावक रहते थे। पूर्व में राजाओं ने यक्ष वसादि अष्टापद आदि तीर्थों का निर्माण कराया था। उल्लेखानुसार वि.सं. 126–135 के बीच राजा विक्रमादित्य के वंशज श्री नाहड़ राजा द्वारा निर्माण होना प्रतीत होता है। श्री मेरू तुंग सूरि द्वारा रचित ..... में लगभग 13 वीं शताब्दी में श्री महेन्द्रसूरि जी म.सा. के द्वारा रचित अष्टतोपदी तीर्थमाला में भी इसका उललेख है। संकलनर्हत् स्त्रोत में भी इसका कनक कालन का उल्लेख है, कुमारदात राजा द्वारा वि.सं. 1221 मं यक्ष वसति मंदिर का उद्धार करने का उल्लेख है। स्वर्णगिरि में कुमारपाल राजा द्वारा निर्मित श्री पार्श्वनाथ भगवान के मंदिर कुमार विहार की प्रतिष्ठा वि.सं. 1221 में श्री आचार्य श्री वादी देव सूरि जी म.सा. सुहस्व का उल्लेख है।

वि.सं. 1256 में पूर्णचंद्र सूरि जी म.सा. के द्वारा मंदिर में तोरण की प्रतिष्ठा हुई, वि.सं. 1265 में मूल शिखर पर स्वर्ण दण्ड, वि.सं. 1268 में संस्कृत में दातरी शिक्षा के रचियता श्री रामचन्द्र सूरिजी म.सा. द्वारा पेक्षा मध्य मण्डप पर स्वर्ण मय कलश की प्रतिष्ठा करवाने का उल्लेख है। वि.सं. 1681 में स्वर्ण में सम्राट अकबर के पुत्र जहांगीर के समय में महाराज गजसिंह जी व अन्य सिपहसलार का उल्लेख है। मंत्री मुहणोत जयसिंह जी द्वारा अनेकों प्रतिमाएं प्रतिष्ठित कराने का उल्लेख है जिनमें से कई प्रतिमाएं विद्यमान है।

श्री महावीर भगवान के मंदिर का जीर्णोद्धार मंत्री श्री जयमल जी द्वारा करवाकर श्री जयसागर जी महाराज के हस्ते प्रतिष्ठा करने का उल्लेख है, कहा जाता है कि यक्ष व सति मंदिर है जिसका कुमारपाल



राजेन्द्र द्वार - बड़े मन्दिर महावीर स्वामीजी मन्दिरजी के बाहर का दृश्य

यक्षवसति के मूलनायक


कुमार विहार पार्श्वनाथ मन्दिर

राजा ने पूर्व में उद्धार कराया था। अन्तिम उद्धार मा. श्री राजेन्द्रसूरि जी के उपदेश से सम्पन्न हुआ। स्वर्णगिरि के तलहटी में जाबलीपुर (जालोर) वि.सं. 835 में आचार्य उद्योतन सूरी जी ने जाबलीपुर में श्री आदिनाथ में कुवल माला व रथ की रचना की, ऐसा उल्लेख है। उस समय अनेक मंदिर थे। लेख उसके अष्टापद तीर्थ था।

आबू के लावण्य वसही मंदिर में वि.सं. 1296 में शिलालेख में भी है। वि.सं. 1293 में राजा श्री उदयसिंह जी के मंत्री दानवीर श्री दानवीर शिल्पकला विद्या में विद्यमान थे। श्री यशोवीर द्वारा श्री आदिनाथ भगवान के मंदिर में अद्‌भूत कलायुक्त मण्डप निर्मित कराने का उल्लेख है। खरतरगच्छ गुणविली के अनुसार राजा श्री उदयसिंह के समय वि.सं. 1310 का वैशाख शुक्ला 13 शनिवार स्वातिनम यक्षत्र में भी महावीर भगवान के मंदिर में 24 जिन बिम्बों की प्रतिष्ठा उत्सव व अनेकों राजाओं व प्रधान पुरूषों की उपस्थिति में महामंत्री री जयसिंह जी के तत्वाधान में समारोह सम्पन्न हुआ था उस समय पालनपुर वागड़देश आदि था। श्री श्रावकगण एकत्रित हुए थे। वि.सं. 13वीं में सामन्व सिंह के सानिध्य में अनेकों जिन प्रतिमाएं प्रतिष्ठा करने का उल्लेख है। वि.सं. 1371 ज्येष्ठ कृष्णा 10 के दिन आचार्य श्री जिन चंद्र सूरि जी विद्यमान में दीक्षा व माला रोपण होने का उल्लेख है।

इसके बाद अल्लाद्दीन खिलजी द्वारा यहां के मंदिर को क्षति पहुंची व कलापूर्ण अवशेष आदि मस्जिदों में परिवर्तित किए गए जिनके आज भी नमूने दिखाई देते है। कुछ पर प्राचीन जिन शिलालेख उत्कीर्ण है वि. सं. 1651 में यहां मंदिरों के होने का उल्लेख है। आज यहां पर कुल 12 मंदिर है। विक्रम की दूसरी शताब्दी के 18वीं शताब्दी तक यहां के जैन राजाओं, मंत्रियों व श्रेष्ठियों द्वारा किए गए समाजिक कार्य उल्लेख है बिना वर्णन सम्भव नहीं है।

यहां के राजा उदयसिंह के मंत्री यशोवीर ने वि.सं. 1287 में मंत्रीश्वर श्री वस्तुपाल तेजपाल द्वारा शोमनसूत्र धारों से निर्मित आबू के लावण्यवशीय वसीह द्वारा प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग लिया था।

उस समय अन्य 84 राजा अनेको मंत्री व प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। यशोवरी शिल्पकाल निष्णाद

विद्वान होने के कारण अद्‌भूत बताई। जिस पर उनकी विद्वता और अन्य गुणों की प्रशंसा हुई थी, वि.सं. 1741 में यहां के मंत्री मुणहोत जयमल जी के पुत्र जेठली के जोधपुर के माहराजा श्री यशवंत सिंह जी के दीवान थे, जिन्होंने अपनी दीवान गिरि की कुशलता दिखाई थी जिस पर नेवली की ख्यात की रचना हुई थी जो आज भी जनता में प्रचलित है। इस तीर्थ के तीर्थोद्धारक प. पू. श्री राजेन्द्रसूरि जी म.सा. की यह साधना मूर्ति है।


संवत् 1221 का शिलालेख

अन्य मंदिर :

स्वर्णगिरि पर्वत के किले में 4 मंदिर एक गुरू मंदिर व इसकी तलहटी में 8 मंदिर अभी विद्यमान है। किले पर चौमुखी मंदिर व पार्श्वनाथ आदि प्रसिद्ध है जिन्हें अष्टापद मंदिर व कुम्हार विहार मंदिर भी कहते हैं। जालोर में श्री नेमिनाथ भगवान के मन्दिर में वि.सं. 1656 में प्रतिष्ठा आचार्य श्री हीरसूरिजी म.सा. की गुरू मूर्ति हैं । नव निर्मित नन्दीश्वर द्वीप अतिसुंदर बना हुआ है।

कला सौंदर्य :

समुद्र की सतह से लगभग 1200 फीट पर्वत पर 2102 किलोमीटर लम्बे–चौड़े प्राचीन किले के परकोटे में मंदिर का दृश्य अति सुहावना लगता है। जो कि पूर्व सदियों की याद दिलाता है। यहां मंदिर व मस्जिदों में अनेकों प्रतिमाएं व कलात्मक अवेश वर्तमान में भी दिखाई देता है।

स्वर्णगिरी पर निम्न मंदिर स्थापित है :

(1) पार्श्वनाथ मन्दिर : इस मंदिर का निर्माण वि.सं. 1221 में महाराजा कुमार पाल द्वारा निर्माण कराया गया। इसके बाद मुगलकालीन आक्रमणों से भग्नावेश की अवस्था में आ गया। शिलालेख से यह प्रतीत होता है कि यह मंदिर महावीर स्वामी का था। यह मंदिर वि.सं. 1194 से पूर्व का बना हुआ है। इस मंदिर की प्रतिष्ठा श्री देवसुरिश्वर जी द्वारा करवायी गई थी, इसके पश्चात पुनः जीर्णोद्धार यशोवीर भण्डारी ने करवाया । इसके पश्चात्

जालोर का तोपखाना जहाँ से शिलालेख प्राप्त हुये

तोपखाना का भीतरी दृश्य

संवत आचार्य श्री पूर्णचन्द सूरिजी ने, 1268 में स्वर्ण कलश व ध्वजा दण्ड की प्रतिष्ठा रामचन्द्र सूरि जी ने करवायी। शिलालेखों से यह स्पष्ट होता है कि पूर्व में फण वाले पार्श्वनाथ भगवान बिराजे होंगे। भवन की भव्यता स्पष्ट होती है। यहां एक देवी मूर्ति स्थापित है जिस पर वि.सं. 1175 वैशाख वदि पंचमी का लेख उत्कीर्ण है।

(2) यहां पर विभिन्न देवियां, चामुण्डा देवी, आशापुरा आदि देवी मूर्तियां स्थापित है। इसके अतिरिक्त इस्लाम धर्म से सम्बन्धित एक बड़ी मस्जिद बनी हुई है जिसका अवलोकल करने से यह स्पष्ट है कि जो स्तम्भ बने हुए हैं वे किसी मंदिर के हैं। इससे स्पष्ट है कि विभिन्न आक्रमण के समय मंदिर के स्तम्भ वहां लगाए गए। स्वर्णगिरी के मंदिरों की देखरेख के लिए अलग से पेढ़ी नगर के मध्य स्थित है।


संवत् 1320 का शिलालेख


संवत् 1353 का शिलालेख

संवत् 1323 का शिलालेख

सिरोही : जालोर जिले की सीमा के पास जालोर जिले के ग्राम बड़ालोटी वाला के मेघवालों की गली में नल खुदाई का काम हो रहा था, तब भीतर एक बड़ा पत्थर दिखाई दिया तो उनके पत्थर समझकर उसको बाहर निकाल कर रख दिया। यह मूर्ति मिट्टी से भरी हुई थी । आगामी दिन वर्षा होने से मिट्टी पानी से निकल गई तब मूर्ति के आकार दिखाई दिया। उसको धोया गया तो जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर श्री महावीर भगवान की प्रतिमा थी, जिस पर वि.सं. 1355 का लेख उत्कीर्ण है। जैन साहित्य के अनुसार इस मार्ग से महावीर भगवान विहार करते हुए गुजरे हैं।

श्री गिरिराज (विमल गिरी) शत्रुंजय तीर्थ महिमा

इस तीर्थ की पृष्ठ भूमि व महिमा कई साधु भगवन्तों व विद्वानों ने रचना की तथा लेखक ने इसका संक्षेप इतिहास पूर्व पुस्तक में प्रकाशित किया है। वर्तमान में संक्षेप में यह जानकारी लिखने का प्रयास कर रहा हुँ। इस गिरि को कई नामों से पुकारते है जैसे सिद्धगिरि, ध्यान गिरि, सुपार्श्व गिरि, पुण्डरिक गिरि, सिद्धगिरि, विमल गिरि।

यह शाश्वत तीर्थ कहलाता है, वैसे भारत में अनेक तीर्थ स्थापित है लेकिन कुछ तीर्थ ऐसे है जो किसी विशेष रूप से प्रसिद्ध है जैसे :

(1) कोरनी : माण्डनी (रचना) श्री रणकपुर तीर्थ
(2) ऊँचाई : श्री तारंगा तीर्थ
(3) कला (नक्काशी) : श्री आबू पर्वत तीर्थ
(4) महिमा : श्री गिरिराज शत्रुंजय तीर्थ

महिमा की दृष्टि से आश्चर्यचकित बिन्दु निम्न है :

यहां पर महाविदेह क्षेत्र के श्री सीमन्धर स्वामी का तीर्थ भी विद्यमान है जिसकी महिमा भी ज्वलन्त उदाहरण है। इसकी कई विशेषता है। पूर्व में यह तीर्थ था जिसके लिए यह शाश्वत तीर्थ कहलाता है। इस तीर्थ में ऋषभदेव भगवान ने भी 99 पूर्व बार परिक्रमा की थी (1 पूर्व बारा 70561 भरत वर्ष)। यहां पर अनेक आत्मा सिद्ध हुई है। यहां आसोज शुदि 15 को पाण्डवों का 20 करोड़ मुनियों के साथ मोक्ष हुआ।

चैत्र पूर्णिमा पर ऋषभदेव भगवान के प्रथम गणधर पुण्डरिक स्वामी 5 करोड़ मुनियों के साथ मोक्ष सिधारे, कार्तिक पूर्णिमा के दिन द्राविड़, वारिविल्व 10 करोड़ मुनियों के साथ मोक्ष सिधारे, फाल्गुन सुदि 10 को नभि विनभि 2 करोड़ मुनियों के साथ, फाल्गुन सुदि 13 को कृष्ण के सुपुत्र शाम्ब, प्रद्यम्न ने 8.5 करोड़ मुनियों के साथ व श्री कदम्ब मुनि (गणधर) 1 करोड़ मुनियों के साथ, नारद मुनि 91 लाख मुनियों तथा श्री अजितनाथ भगवान के 10 हजार मुनियों तथा थावच्चोपुत्र श्री गणधर केशी मुनि, मुनियों आदि इस भूमि पर मोक्ष सिधारे, मनुष्य धर्म एवं धर्म स्थलों जैसे ऊंटी, मैसूर, आबू, दार्जिलिंग आदि पर्वतीय स्टेशनों पर भ्रमण के लिए जाते हैं लेकिन इस पहाड़ी स्थल पर आने से अनेक पाप कट जाते है। रमणीय स्थलों पर भ्रमण पर जाने से भावनात्मक दृष्टि से कर्म बन्ध होते है जबकि इस पवित्र स्थल पर आने से कर्म बन्ध छूटते है और मुक्ति की ओर अग्रसर होते हैं।

नो टुक तीर्थ में क्या–क्या है ? जिसका अवलोकन दर्शन व पूजन करना चाहिए।

(1) श्री ऋषभदेव भगवान (मूलनायक) श्वेत पाषाण की आकर्षक प्रतिमा है जिसका दर्शन–पूजन कर धन्य हो जाते हैं। इसकी प्रतिमा मेवाड़ के सपूत श्री कर्माशाह दोशी द्वारा वि.सं. 1587 ज्येष्ठ वदि 6 को श्री विद्यामण्डन सूरि जी म.सा. के शिष्य विवेक मण्डन जी की निश्रा में प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई थी। इस तीर्थ में इस जिनालय के साथ छोटे–बड़े जिनालय भी स्थापित है इस मंदिर की ऊंचाई 52 हाथ (79) है। इस तीर्थ के पूर्व सोलह उद्धारक हुए है। उसमें अन्तिम उद्धारक श्री कर्माशाह दोशी (मेवाड़) थे जिन्होंने आचार्य श्री से प्रतिष्ठा कराने का आग्रह किया। इनके वंशज वर्तमान में उदयपुर–चित्तौड़गढ़ में निवासरत है।

उद्धारक श्री कर्माशाह मूल रूप से चित्तौड़ के निवासी थे और इनका परिवार उज्जैन से आया था, इसके लिए कहा जाता है कि मैं मूलरूप से परमारवंश विक्रमादित्य प्रथम के वंशज थे। इनका देहावसान उदयपुर मेवाड़ में हुआ। ये मेवाड़ की आन–बान–शान थे।

इसमें 1245 कुंभ, 21 सिंह व 72 स्तम्भ है। इस तीर्थ पर छोटे–बड़े 2507 जिनालय है और 27007 प्रतिमाएं तथा लगभग 12000 चरण–पादुकाएं स्थापित है। जिनमें से नव दूक में 124 जिनालय, 739 देहरिया, 11474 प्रतिमाएं व 8961 चरण पादुकाएं है। इस तीर्थ की ऊँचाई 2000 फीट है और यह तीर्थ लगभग 11 किलोमीटर लम्बा व 3.5 किलोमीटर चौड़ाई के क्षेत्रफल में फैला हुआ है। तीर्थ पर जाने के लिए 3364 सीढ़ियां है।



इसकी यात्रा बिना खाए–पीए (उपवास) करनी चाहिए, उपर रायण वृक्ष जहां पर तीन प्रदक्षिणा अवश्य देनी चाहिए व तीर्थ की भी तीन प्रदक्षिणा देनी चाहिए। काउसग्ग मुद्रा में चैत्यवंदन कर यात्रा करनी चाहिए। क्योंकि इस तीर्थ में यात्रा करने से अपने कर्मों का नाश, आत्मा को पवित्र को भव्य बना, मोक्ष की प्राप्ति की ओर अग्रसर हो।



नोट :



एक पूर्व, पल्योपम की धारणा को स्पष्ट नहीं होता। इसको समझने के लिए यह लिखना स्पष्ट होता है कि उस प्राचीनतम समय परिमाप, गणित विद्या व गणना की विधि क्या रही होगी, इसका ज्ञान नहीं है, इसलिए यह सम्भव है कि केवल इसी को भूत, वर्तमान, भविष्य का पता होने के कारण ही आगम को पढ़ने पर प्रतिबन्ध था और यहां तक साध्वी भगवंतों के लिए भी प्रतिबन्ध था। मनुष्य की अल्प बुद्धि से इस गणित को नहीं समझा जा सकता।

यह सत्य है कि प्राचीनकाल में प्रत्येक प्राणी मात्र की उम्र, ऊँचाई या लम्बाई जिसका जैसा आकार है, वह अधिक था, यह प्रमाणित पूर्व पुस्तकों में किया गया है। आगम जो भगवान की वाणी है, वह प्रमाणिक है। उसका श्रवण कर सम्यक दर्शन प्राप्ति करना चाहिए और सम्यक दर्शन को प्राप्त कर सम्यक ज्ञान सम्यक तप के मार्ग पर चलते हुए मोक्ष को प्राप्त करता है।

करोड़ों मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया जिसको सुनकर (पढ़कर) पाठकगण आश्चर्यचकित हो रहे होंगे लेकिन यह सत्य है कि भगवान की वाणी गलत नहीं होती, विश्वसनीय होती है (2) 2200 वर्ष पूर्व जैनों की जनसंख्या 40 करोड़ थी तो यह सोचे कि सब जातियों की संख्या कितनी होगी। केवल 100 वर्ष की गणना के संदर्भ की ओर भी सोचे की जब 1918–20 में हुए स्पेनिस फ्लू की महामारी में भारत में ही केवल 1 करोड़ 30 लाख मरे जिसका वर्णन श्री सूर्यकांत त्रिपाठी "निराला" ने अपनी आत्म कथा "कुली भाट" पुस्तक में लिखा है, इसी प्रकार जान बेदी ने अपनी पुस्तक "Great Influences" में लिखा है कि इस समय महात्मा गांधी भी इस बीमारी के शिकार हुए थे और उनकी पुत्रवधु श्रीमती गुलाबदेवी व उनके प्रपौत्र शांति भी इस बीमारी मे मारे गए थे। यदि महात्मा गांधी भी मारे जाते तो भारत का इतिहास और तरीके से होता।

इस महामारी का प्रारम्भ सर्वप्रथम 29 मई 1918 को जब प्रथम विश्वयुद्ध से लौटकर आए सिपाहीगण मुम्बई बंदरगाह पर आकर रूके तब उसमें से 5 सिपाही जो संक्रमित थे, उनका स्वास्थ्य खराब हुआ तो ठीक होने के बाद ले जाया गया तब बीमारी का पतन हुआ। इतिहासकार अजितकपूर अपनी पुस्तक में लिखते है व जान बेरी लिखते है कि इन 24 सप्ताह में जितने लोग मरे थे उतने पिछले 124 वर्षों में कभी नहीं मरे थे केवल दक्षिणी अफ्रीका की बात करे कि वहां की आबादी 10.5 करोड़ मे से 6.5 करोड़ लोग इस बीमारी के शिकार हो गए। अनुमान यह लगाया जाता है कि इस महामारी में 10–20 करोड़ लोग शिकार होकर मारे गए थे। इसकी कल्पना कीजिए कि मरने वाले की संख्या 10–20 करोड़ की थी तो प्राचीनकाल में भी कितनी बड़ी जनसंख्या रही होगी।

शंत्रुजय पहाड़ी पर देव लोक जैसा आभास : श्री पालीताणा तीर्थ

जैन साहित्य के अनुसार यह तीर्थ अति प्राचीन व शास्वत है। यहां पर पूर्व चौबीसी कदम मुनि व अन्य कई साधु–साध्वी भगवन मोक्ष गए, इसलिए यहां भगवान श्री आदिनाथ ने 99000 बार यात्रा कर भव सफल बनाया।

गुजरात के भावनगर जिले में स्थित पालीताना कस्बा जैन धर्मावलम्बियों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। जिले के दक्षिण–पश्चिम में स्थित पालीताना अपनी पहाड़ियों और नदी तलहटी के साथ–साथ धार्मिक आस्था और मान्यताओं के लिए विश्व भर में जाना जाता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पालीताना दुनिया का ऐसा पहला शहर है जिसे कानूनी रुप से शाकाहारी शहर होने का दर्जा प्राप्त है। जैन मंदिरों के लिए प्रसिद्ध पालीताना के पास शत्रुंजय पहाड़ी पर स्थित है, जिसकी तलहटी से होकर शत्रुंजय नदी बहती है।

शत्रुंजय पहाड़ी के शिखर पर सदियों से 863 जैन मंदिरों की भव्यता के साथ होना, इसे ऐतिहासिक होने के साथ दुनियां के नक्शे पर एक विशिष्ट स्थान दिलाता है । इस जगह पर आने वाले सैलानियों के मन में सबसे पहला सवाल यह आता है कि इन मंदिरों को कब और किसने बनाया। वैज्ञानिकों, साक्ष्यों और संदर्भो से पता चलता है कि इन मंदिरों का निर्माण 900 साल पहले करवाया गया था। जैन शास्त्रों के अनुसार यह शास्वत तीर्थ है। इस तीर्थ का कई बार जिर्णोद्धार हुआ । जैन धर्म के पहले तीर्थकर ने शिखर पर स्थित वृक्ष के नीचे कठिन तपस्या की थी। पालीताना के निकट पांच पहाड़ियों में सबसे अधिक पवित्र पहाड़ी है शत्रुंजय ।

जैन ग्रंथ 'विविध तीर्थकल्प' में शत्रुंजय के निम्न नाम दिए गए है – सिद्धिक्षेत्र, तीर्थराज, मरुदेव, भगीरथ, विमलाद्रि, महस्त्रपत्र, सहस्त्रकाल, तालभज, कदम्ब, शतपत्र, नगाधिराजध, अष्टोत्तरशतकूट, सहस्त्रपत्र, धणिक, लौहित्य, कपर्दिनिवास, सिद्धिशेखर, मुक्तिनिलय, सिद्धिपर्वत, पुंडरिक। शत्रुंजय के पांच शिखर बताए गए है। माना जाता है कि जैन धर्म के 24 तीर्थकरों में से 23 तीर्थकर इस पर्वत पर आए थे। प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव का विहार इस स्थान पर 99 बार हुआ। इस भूमि का एक–एक कण उनके चरण स्पर्श से पावन हुआ है।

इन मंदिरों की नक्काशी व मूर्तिकला विश्वभर में प्रसिद्ध है । ये मंदिर काफी खूबसूरत है और एक अद्भुत छठा प्रकट करते हैं। पालीताना शत्रुंजय तीर्थ का जैन धर्म में बहुत महत्व है। जैन धर्म के अनुसार प्राचीनकाल से ही पालीताना जैन साधुओं और मोक्ष एवं निर्वाण का प्रमुख स्थल रहा है। मंदिरों को देखने से संजीदगी का अहसास होता है, इनकी कारीगरी सजीव–सी लगती है।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव का मंदिर पालीताना का प्रमुख स सबसे खूबसूरत मंदिर है। चौमुखा मंदिर क्षेत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। कुमारपाल, मिलशाह, सम्प्रति राज मंदिर पालीताना के प्रमुख मंदिर है। पालीताना में बहुमूल्य प्रतिमाओं आदि का भी अच्छा संग्रह है। यदि आपकी यात्रा का उद्देश्य मानसिक शांति ही है तो फिर पालीताना एक ऐसी जगह है।

इस जगह पर आकर 'शत्रुंजय पहाड़ी' की यात्रा कर सकते हैं। ये अध्यात्म और शांति के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इस जगह पर पहुंचकर आपको अवश्य ही सुखद अनुभूति होगी। पालीताना मंदिरों के शिखर पर जब सूर्य का प्रकाश पड़ता है तो इसकी अनुपम छठा का दृश्य बहुत आकर्षक लगता है। पहाड़ पर पहुंचते ही लगता है जैसे किसी देव लोक में पहुंच गए हों। वहां एक साथ सैकड़ों मंदिर देखकर व्यक्ति सभी चिंताओं को भुलाकर भक्ति भाव में लीन हो जाता है।

पालीताणा तीर्थ एक शाश्वत तीर्थ कहलाता है, जहां पर पूर्व चौबीसी के होने का प्रमाण भी मिलते हैं। इसी कारण से श्री ऋषभदेव भगवान ने अपने जीवनकाल में इस तीर्थ की 99 हजार बार परिक्रमा की थी। ऋषभदेव भगवान को अपने छंदमस्थ अवस्था में 400 दिन तक निरहार के रूप में रहना पड़ा था क्योंकि उन्हें सचित गोचरी उपलब्ध नहीं हुई।

ऐसे समय में श्रेयांस कुमार को ज्ञान हो गया था कि भगवान को संचित गोचरी प्राप्त नहीं हो रही है। उसी समय वहां 108 घड़े इक्षु रस के आए। उस समय श्रेयांस कुमार ने उनको ईक्षु रस से पारणा कराया। वह दिन अक्षय तृतीया का दिन था। उसके बाद उनकी याद में वर्षीतप का प्रचलन हुआ और ऐसी मान्यता है कि श्रावकगण, साधु–साध्वी जी 400 दिन का तप करते हैं और पूर्ण होने पर अक्षय तृतीया को ही इक्षु रस प्रारम्भ करते हैं। इस तपस्या को वर्षीतप कहा जाता है।

पारणा का स्थान हस्तिनापुर था लेकिन शाश्वत तीर्थ पालीताणा है। इस तीर्थ का अपना महत्व है। इसलिए सर्वाधिक पारणा पालीताणा में ही होते थे और वर्तमान में भी होते हैं। दूसरा हस्तिनापुर में करने को मान्यता दी जाती है। वर्तमान में हर तीर्थस्थल पर व सुविधा के अनुसार अपने निकटतम स्थान पर अक्षय तृतीया के पारणे होते हैं।

तपस्वी अमर रहे

तपस्वी की जय जयकार

नव पद ओली आराधना

श्री आदिनाथ सिद्धचक्र यंत्र



नवपद ओली की आराधनाा क्यों की जाती है ?

मूल रुप से यह आराधना श्री आदिनाथ भगवान की कही जाती है।